Regarding approval of 3BT and 4BT cotton seed variety

श्री भरतभाई मनुभाई सुतारिया (अमरेली) : माननीय सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं किसान की आय दोगुनी करने के विषय पर बोलना चाहता हूं । जो मौजूदा बीज है, उसमें किसानों की आय नहीं हो रही है । मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को यह बताना चाहता हूं कि 3 बीटी और 4 बीटी को मान्यता देनी पड़ेगी । क्योंकि जो मौजूदा बीज है, उसमें किसान को बहुत खर्च आता है और उत पादन भी कम आता है । जैसे मूंगफली का बीज नया आया है, तो उसमें उत्पादन बढ़ रहा है । वैसे ही मैं माननीय मंत्री जी से गुजारिश करता हूं कि कपास की 4 बीटी और 3 बीटी को मान्यता देने के बारे में फिर से सोचना चाहिए ।